मन की बात

खंड २



मन की बात

खंड २

Authors
Sharda Mohan and Shashi Mukherjee

Illustrations and Cover Art
Dilip Kadam

Assistant Artist
Ravindra Mokate

Production
Amar Chitra Katha

Published by
Amar Chitra Katha Pvt. Ltd

HINDI

ISBN – 978-81-19242-66-5

Amar Chitra Katha Pvt. Ltd, June 2023

© Ministry of Culture, Govt of India, June 2023
All rights reserved. This book is sold subject to the condition that the publication may not be reproduced, stored in a retrieval system (including but not limited to computers, disks, external drives, electronic or digital devices, e-readers, websites), or transmitted in any form or by any means (including but not limited to cyclostyling, photocopying, docutech or other reprographic reproductions, mechanical, recording, electronic, digital versions) without the prior written permission of the publisher, nor be otherwise circulated in any form of binding or cover other than that in which it is published and without a similar condition being imposed on the subsequent purchaser.

You can now get ACK stories as part of your classroom with **ACK Learn**,
a unique learning platform that brings these stories to your school with a range of workshops.
Find out more at **www.acklearn.com** or write to us at **acklearn@ack-media.com**.

हम कोविड-१९ महामारी के सबसे बुरे दौर से गुजरे हैं। यह एक ऐसा समय था जब हम सभी को बहुत लंबे समय तक अपने परिवारों के साथ अपने घर में रहने के लिए मजबूर किया गया था। हम में से कुछ लोगों के लिए यह एक अच्छा समय था जिसके दरम्यान हम अपने माता-पिता, भाई-बहन और जो भी हमारे साथ रहते थे उनके करीब आए। लेकिन हम में से बहुत लोगों के लिए यह एक कठिन समय था। भला कोई दिन-ब-दिन एक साथ इतने करीब कैसे रह सकता है?

दुर्भाग्य से, इस समय हमने महसूस किया कि हमारी कुछ परम्पराएँ जो पहले हमें एक परिवार के रूप में एक साथ बाँधती थीं, वर्षों से उपेक्षित थीं। इन परम्पराओं के बिना कुछ परिवारों को एकजुटता में ख़ुशी पाना मुश्किल लगता था।

एक बहुत ही महत्वपूर्ण परंपरा जिसने हमें एक परिवार के रूप में जोड़ रखा वह थी कहानी सुनाने की परंपरा। पहले, परिवार के बुजुर्ग बच्चों को कहानियाँ सुनाने में समय व्यतीत करते थे। इससे परिवार में आनंद, उर्जा और एकता की भावना का संचार होता था।

कहानियाँ हमारी रचनात्मकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देती हैं। जहां कोई व्यक्ति है, वहाँ कहानी है। जब मैं छोटा था, तब मैंने पूरे भारत की यात्रा की, गाँव-गाँव का दौरा किया। मैंने हमेशा गाँव के बच्चों से बातचीत करने का ध्यान रखा। मैं अक्सर उनसे एक कहानी सुनाने के लिए कहता था।

वे जवाब देते, नहीं अंकल, हम आपको एक चुटकुला सुनाते हैं और फिर आप हमें एक चुटकुला सुनाइए। मैं अचंभित रह गया कि इन बच्चों को तो पता ही नहीं था कि कहानियाँ सुनने का आनंद क्या है! भारत में कहानी कहने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। चाहे वह पंचतंत्र की कहानियाँ हों, हितोपदेश या किस्सा गोई*। जानवरों और पक्षियों की कहानियाँ जो ज्ञान प्रदान करती थीं, और धार्मिक कहानियाँ जो हमें मूल्य सिखाती थीं।

आज ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्होंने अपना कहानी कहने का मंच शुरू किया हैं। अमर व्यास और उनके दोस्तों ने गाथास्टोरी.इन (gaathastory.in) की शुरुआत की। वैशाली व्यवहारे देशपांडे उन कहानियों को लोकप्रिय बना रही हैं जो गाँव के लोगों और किसानो के बारे में बताती हैं। बेंगलुरु के विक्रम श्रीधर एक ऐसे कहानीकार है जिन्हें बापू की कहानियाँ सुनाने का विशेष शौक है। चेन्नई की कथालय.ओर्ग (kathalaya.org) की श्रीविद्या वीरराघवन और गीता रामानुजम सभी बेहतरीन कहानीकार हैं।

आइए, हम नायर सर के साथ उनके स्कूल में शामिल हो जाएँ जहाँ वह कहानीकारों और मेरे मन की बात कार्यक्रम के कई अन्य प्रेरक लोगों के बारे में और कहानियाँ सुनाते हैं।



* उर्दू में कहानी कहने की प्राचीन कला

महात्मा गांधी

अनुक्रम

१	कहानियों के बारे में सब कुछ	३
२	वीरेन्द्र यादव	७
३	उषा दुबे	१०
४	टी. श्रीनिवासाचार्य	१३
५	अनुदीप और मिनुषा	१५
६	सलमान	१८
७	एन. एस. राजप्पन	२०
८	सी. वी. राजु	२३
९	भागीरथी अम्मा	२६
१०	राजेन्द्र जाधव	२८
११	गायत्री	३०

कहानियों के बारे में सब कुछ

नायर सर ने हाथ हिलाकर सभी को अपनी जगह पर बैठने को कहा।
एक बार, महामारी में लॉकडाउन के दौरान, हमारे प्रधान मंत्री ने बेंगलुरु स्टोरीटेलर सोसाइटी के कहानीकारों के एक समूह से बात की।
वे थे अपर्णा अत्रेय, शैलजा संपत, सौम्य श्रीनिवासन, अपर्णा जयशंकर और लावण्या प्रसाद। यह सभी पेशेवर कहानीकार हैं, जिन्हें कहानियाँ सुनाने का शौक था।
वास्तव में, लावण्या प्रसाद बुजुर्ग लोगों के साथ बैठ कर परिवारों के लिए उनके द्वारा कही गई कहानियाँ लिखती हैं।
हां, मेरे दादाजी १५ अगस्त १९४७ को कम उमर के थे ,पर उन्हें मुंबई में ट्राम की सवारी याद है। उस दिन सभी सवारियां मुफ्त थी!
मेरे दादाजी सेना में थे। उन्होंने मुझे भारत-चीन युद्ध के बारे में बहुत सारी कहानियाँ सुनाई हैं, जिसमे उन्होंने लड़ाई लड़ी थी।
मैं भी अपने परिवार से संबंधित कहानियाँ खोजूंगा।
यह एक उत्कृष्ट विचार है। आइए, हम अपने परिवार में बड़ों से कहानियाँ एकत्र करें और उन्हें यहाँ कक्षा में साझा करें। अब मैं आपको एक कहानी सुनाता हूँ जो उस दिन मन की बात कार्यक्रम में एक कहानीकार ने मुझे सुनाई थी।
हाँ! हाँ! चलो, कहानी सुनते है।

राजा कृष्णदेव राय नाराज थे।
वही पुरानी सब्जियाँ! लौकी, कद्दू, आलू! मैं इन सब से तंग आ गया हूँ। रसोइये से कहो कि कुछ और बना दे नहीं तो मैं उसे फाँसी पर लटका दूँगा।
उर्क!

बेचारा रसोइया दौड़ता हुआ राजा के सलाहकार तेनाली रामन के पास गया और उसे अपनी व्यथा सुनाई।
महाराज मेरे द्वारा बनाई गई किसी भी चीज से प्रसन्न नहीं होते। वह कह रहे है कि वह मुझे फाँसी पर लटका देंगे।
शुश! शांत! रोना बंद करो और मेरी योजना सुनो।

अगले दिन दोपहर के भोजन के समय –
यह अच्छा होना चाहिए नहीं तो...

आहा! स्वादिष्ट!

यह अद्भुत सब्जी क्या है?
महाराज, यह एक बैंगन है। वह आपके समान राजमुकुट और बैंगनी वस्त्र पहिने हुए है।

आज से मेरे राज्य के सभी लोग केवल शाही बैंगन ही खायेंगे।
एह?
योजना सफल हो रही है!

गाड़ियाँ भर-भर के बैंगन राज्य में लाए गए और बाकी सब सब्जियाँ गायब हो गईं।

हर जगह विभिन्न तरीकों से बैंगन पकाए जा रहे थे।

मैंने आज बैंगन का सांभर बनाया है। कल के लिए मेरे पास बेंगन का भरता है। परसों के लिए हम बैंगन के लड्डू बनाने का प्रयत्न करेंगे।

बहुत बढ़िया!

लेकिन बहुत ही जल्द –

यह बैंगन का रायता है, महाराज।

कुछ स्वादिष्ट बैंगन बिर्या...

बस करो! अब बैंगन नहीं। बैंगन को मेरे राज्य से निकाल दो!

बाद में –

मेरी पुरानी सब्जियां वापस आ गई हैं। आपने यह कर दिखाया! वह योजना एकदम सही थी।

हे हे! अगर मैं अपने राजा को खुश करना नहीं जानता तो मैं किस तरह का मंत्री हूं?

वीरेन्द्र यादव

*पैधों के डंठल और अन्य अवशेष जो अनाज की कटाई के बाद जमीन में रह जाते हैं।



*एक मशीन जो पराली को कॉम्पैक्ट गांठों में संकुचित करती है

^पौधों या जानवरों के अपशिष्ट (कचरा) को जलाने से प्राप्त उर्जा

**कारखाने जो कृषि गतिविधियों के माध्यम से बिजली पैदा करते हैं

अगले कुछ वर्षों में, अधिक किसान वीरेन्द्र की पहल में शामिल हुए।

उन्होंने जल्द ही एक दूसरी सोसायटी शुरू की और कृषि और किसान कल्याण विभाग से उपकरणों पर ८० प्रतिशत अनुदान प्राप्त किया। कम लागत मतलब ज्यादा लाभ।

इस पहल की सफलता की खबर पूरे राज्य में फ़ैल गई।

गर्मियों के दौरान, जब पराली कटाई के लिए तैयार होती है तब वीरेन्द्र यादव अपनी मदद के लिए २०० से अधिक लोगों को नियुक्त करते हैं।

वीरेन्द यादव की कहानी सुनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह से समस्यारूप कचरा, जैसा कि पराली को उपयोगी उर्जा और एक लाभदायक व्यवसाय में परिवर्तित किया गया, वह अनुकरणीय था।

उषा दुबे

दिल्ली में वह एक गर्मी का दिन था।

उफ़... ऐसे दिन में स्कूल आना भयानक है।

मुझे पता है! ऑनलाइन कक्षाएँ कितनी बेहतर थीं।

जब हमारी ऑनलाइन क्लास थी, तब आप उस पर भी कुड़कुड़ाए थे!

ऑनलाइन क्लास कुछ लोगों के लिए ठीक रही होंगी, लेकिन बहुत सारे बच्चों को भुगतना पड़ा था। आज मैं आपको 'किताबों वाली दीदी' के बारे में बताऊँगा।

हुर्रे, एक और मन की बात की कहानी!

जब कोविड-१९ महामारी के दरम्यान लॉकडाउन की घोषणा की गई, तब मध्य प्रदेश के सिंगरौली की एक स्कूल शिक्षिका उषा दुबे चिंतित थीं।

ऑनलाइन कक्षाएँ? हमारे बच्चों के पास इन कक्षाओं में भाग लेने के लिए आवश्यक उपकरण या इंटरनेट नहीं है। वे कैसे पढ़ेंगे?

उनकी चिंताओं को उनके छात्रों ने भी प्रतिध्वनित किया।

महिमा, आपकी कक्षाएं कैसी चल रही हैं?

मैं ध्यान देने की कोशिश कर रही हूँ लेकिन ऑनलाइन कक्षाओं का अनुसरण करना मुश्किल है, मिस। सब लोग घर पर है तो मेरा भी ध्यान बंट जाता है।

उषा को अपनी शिष्या महिमा सिंह के साथ विचार-विमर्श से एक शानदार विचार आया।
महिमा, अगर बच्चे स्कूल नहीं जा सकते तो हम स्कूल को उनके पास ले जाएँ।
आपके कहने का क्या मतलब है, मिस?
चलता फिरता पुस्तकालय

अपने स्कूटर का उपयोग करते हुए, उषा ने अपने छात्रों के लिए एक मोबाइल लाइब्रेरी स्थापित की।
यह एक बेहतरीन विचार है!
चलता फिरता पुस्तकालय

उषा और महिमा ने एक गाँव से दूसरे गाँव की यात्रा की, वहाँ पुस्तकालयों की स्थापना की और छात्रों को पढ़ाया।
मेरे लिए यह पाठ्यपुस्तक लाने के लिए धन्यवाद, दीदी!

क्या आप समझ गए हैं कि हमारे पाचन तंत्र में भोजन कैसे पचता है?
हाँ! यह पिछले सप्ताह हमारी ऑनलाइन कक्षा में पढ़ाया गया था लेकिन मैं इसमे से अधिकांश चूक गया क्योंकि इन्टरनेट ठीक से काम नहीं कर रहा था।

महिमा दीदी, क्या मैंने इसे सही तरीके से हल किया है?
हाँ, बहुत अच्छा किया!

उषा के अपने प्रयासों से लोगों के बीच 'किताबोंवाली दीदी' नाम कमाया।



जब लॉकडाउन हटा दिया गया और स्कूल फिर से खुल गए तब उषा ने अपने स्कूल में स्वच्छता और सुरक्षा अभियान चलाया।

उनके इस अभियान ने स्कूल के छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित रहने और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

उषा की कहानी ने देश भर में कई लोगों को प्रेरित किया है और उन्हें सोशल मीडिया सनसनी बना दिया है।

अभिनेत्री कोंकणा सेनशर्मा ने 'साहस को सलाम' नामक वीडियो में उनकी कहानी सुनाई, जिसमे महामारी के दौरान फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया गया है।

जब प्रधानमंत्री ने अपने रेडियो कार्यक्रम में निस्वार्थ प्रयासों के लिए उषा की प्रशंसा की –

टी. श्रीनिवासाचार्य





* किसी धार्मिक नेता या शिक्षक के लिए सम्मान की उपाधि
^पवित्र शब्द या वाक्यांश
^^वर्तमान समय में मंदिर के विधिशास्त्रों पर एक पुस्तक।

जल्द ही श्रीनिवासाचार्य ने अपनी पुस्तकों को प्रकाशित करने के लिए 'राघव सिम्हम' नामक अपना प्रिंटिंग प्रेस शुरू किया लेकिन –

अप्पा* दुनिया भर से आपकी पुस्तकों के लिए आर्डर आ रहे हैं! लेकिन हमें अपनी प्रिंटिंग मशीनों को आधुनिक बनाने की आवश्यकता है।

हमें इन नई कंप्यूटर नियंत्रित मशीनों को आजमाना चाहिए जो छपाई के लिए उत्कृष्ट हैं।

२००० में, राघव सिम्हम प्रेस ने डिजिटल युग के अनुकूल होने के लिए अपनी मुद्रण प्रक्रिया को नया रूप दिया।

लेकिन श्रीनिवासाचार्य ने अपनी पुस्तकें हाथ से लिखना जारी रखा। एक दिन –

ताता,^ आप किताबें लिखने के लिए कंप्यूटर का उपयोग क्यों नहीं करते?

काश मैं कर पाता। लेकिन मुझे नहीं पता कि कंप्यूटर का उपयोग कैसे करना है।

हम आपको सिखा सकते हैं!

८० वर्ष की आयु में, श्रीनिवासाचार्य एक कंप्यूटर के गौरवशाली मालिक बन गए।

यहाँ भाषा के लिए विकल्प है। एक बार जब आप इसे बदल देते है, तो आप तमिल और संस्कृत सहित किसी भी भाषा में किताबें लिख सकते हैं।

यह बहुत बढ़िया बात है। थोड़े से अभ्यास से, मुझे लगता है कि मैं अपनी किताबें आसानी से लिख सकता हूँ।

कुछ वर्षों के बाद –

ताता, आप ९२ साल के है और मजबूत होते जा रहे हैं। आप प्राचीन लिपि और आधुनिक तकनीक के ज्ञाता हैं।

मेरे बच्चों, मुझे कंप्यूटर चलाना सिखाने के लिए धन्यवाद। मुझे ख़ुशी है कि मैं सिख सका।

जैसा की प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में कहा था, उम्र और परिस्थितियाँ मायने नहीं रखतीं। अगर आप जिज्ञासु हैं, तो सिखने की शृंखला चलती रहती है।

*तमिल में पिता

^तमिल में दादाजी

अनुदीप और मिनुशा


आज वर्गखंड साफ़ नहीं दिख रहे। यहाँ तक कि गलियारे भी गंदे दिख रहे हैं।
दोनों सफाई कर्मी अस्वस्थ हैं, सर। वे पिछले दो दिनों से नहीं आ रहे हैं।
हमने अपने वर्गखण्ड को साफ़ करने की कोशिश की लेकिन स्कूल इतना बड़ा है। हम पूरे स्कूल को कैसे साफ़ कर सकते हैं?

ठीक है, अगर आप सब एक साथ करते हैं तो पूरे स्कूल की सफाई करना संभव है। मैं आपको अनुदीप और मिनुशा के बारे में बताता हूँ जिन्होंने पूरे समुद्र तट की सफाई की। यहाँ तक कि हमारे प्रधानमंत्री को भी उनकी कहानी प्रेरक लगी।

नवम्बर २०२० में, कर्णाटक के बिंदूर में, अनुदीप हेगड़े और मिनुशा कंचन का विवाह संपन्न हुआ।
सदा खुश रहो!
कोविड-१९ के बावजूद यह समारोह खूबसूरत रहा।

थोड़े समय के बाद –
मैं सोच रहा था कि हम अपने हनीमून के लिए लक्षद्वीप जाएंगे।
मैं हिमाचल जाना चाहती थी लेकिन हर जगह कोविड के कारण यात्रा करना जोखिम भरा है।

कहीं जाने के लिए विकल्प न होने के कारण, युगल ने अपनी शामें पास के सोमेश्वर समुद्र तट पर बिताने का फैसला किया।
मुझे यहाँ अच्छा लग रहा है।
हाँ, इस धुप और रेत के साथ लॉकडाउन इतना बुरा नहीं लग रहा है।

* कर्नाटक के कुंदपुरा में दोस्तों के एक समूह द्वारा शुरू किया गया एक नागरिक-नेतृत्व वाला सफाई अभियान। अब कई स्वयंसेवक अपना रविवार इस परियोजना के लिए समर्पित करते हैं।

कुछ दिनों बाद –
बहुत अच्छा। ऐसा लगता है कि हमने समुद्र तट के एक बड़े हिस्से को साफ कर दिया है।
सचमुच हमने कर दिया है। लेकिन मैं चाहती हूँ कि और लोग हमसे जुड़ें।

मुझे एक तरीका पता है!
अनुदीप ने सोशल मीडिया पर अपनी पहल के बारे में पोस्ट किया।

जल्द ही –
मैं मंजूनाथ हूँ।
मैं हसन हूँ। हम इस सफाई अभियान में आपके साथ शामिल होने के लिए यहां आए हैं।
यह तो अद्भुत बात है!
जल्द ही ज्यादा से ज्यादा लोग उनसे जुड़ें।

साथ में मिलकर उन्होंने ८० प्रतिशत समुद्र तट की सफाई की और लगभग ८०० किलोग्राम कचरा एकत्र किया।
देखो, समुद्र तट अब कितना सुंदर दिखता है।
यह अब फिर से सांस लेने लगा है।

कुछ दिनों के बाद –
हम और भी बहुत कुछ कर सकते हैं! रात को फ़िल्में दिखाने (मूवी नाइट्स) का आयोजन करें तो क्या? हमारे स्थानीय मछुआरों के लिए समुद्री जीवन के बारे में फिल्में दिखाई जा सकती हैं।
बिल्कुल! हमारा काम यहीं नहीं रुकता। वास्तव में, यह तो अभी शुरू हुआ है।
अनुदीप और मिनुषा अपना अच्छा काम जारी रखे हुए हैं। उनका नारा है, 'हम सभी मिलकर कुछ अलग कर सकते हैं'।

सलमान

सर, मेरे चाचा, जिन्होंने एक दुर्घटना में अपना पैर खो दिया था, उन्हें अभी एक रोबोट के पैर जैसा कृत्रिम पैर मिला है लेकिन उन्हें इसके साथ चलने में मुश्किल हो रही है।
हाँ, सुजीत, इसकी आदत पड़ने में थोड़ा समय लग सकता है।

मैंने एक खिलाड़ी के बारे में सुना है जिसने कृत्रिम अंग के साथ प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है।
यह सच है, पारुल। शारीरिक चुनौतियों वाले लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी सफलता हासिल की है। आज की हमारी कहानी सलमान के बारे में है जो चलने में असमर्थ होने के बावजूद एक सफल उद्यमी बने।


सलमान का जन्म उत्तर प्रदेश के हमीरपुर नामक गाँव में हुआ था। जब वह बहुत छोटे थे –
सलमान को बहुत तेज बुखार है और वो लगातार रो रहा है।
चलो उसे अस्पताल ले चलते हैं।


जल्द ही –
सलमान पोलियो की चपेट में आ गया हैं। मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं, जिससे उसकी चलने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।
ओह, वह इस दुनिया में कैसे जीवित रह पाएगा?

हालांकि साल दर साल सलमान के पैर कमजोर होते गए, लेकिन वह दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ बड़े हुए। जब उन्होंने अपनी १२ वीं कक्षा की परीक्षा पूरी की –
मैं अब अपना आधार खुद बनना चाहता हूँ, माँ। मैं सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करना शुरू कर दूंगा।

बहुत कोशिश करने के बाद भी सलमान को कोई काम नहीं मिला। एक दिन –

अगर कोई मुझे नौकरी नहीं देना चाहता तो मैं अपनी खुद की कंपनी शुरू करूँगा।

अगले कुछ सालों में सलमान ने चप्पल और डिटर्जेंट बनाना सीखा। कर्ज की मदद से उन्होंने टारगेट नाम की एक कंपनी शुरू की।

आओ, मैं तुम्हें चप्पल कैसे बनती है वह दिखाता हूँ।

सलमान की कंपनी प्रसिद्ध हो गई। एक दिन –

मुझे कहीं नौकरी नहीं मिल रही है क्योंकि एक दुर्घटना में मैंने अपना एक हाथ खो दिया है। क्या आप मुझे नौकरी पर रख सकते हो?

आइए देखें कि आप यहाँ क्या कर सकते हैं। हम लोग काम करने और सफल होने के लिए समान अवसर पाने के हकदार हैं।

अगले दो वर्षों में, सलमान ने शारीरिक चुनौतियों वाले कई अन्य लोगों को रोजगार दिया।

अब हमारे पास ३० विकलांग लोग काम कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि किसी दिन ऐसे कई और लोगों को काम दूँगा।

सलमान की कहानी प्रधानमंत्री ने मन की बात पर सुनाई थी।

सलमान भाई, प्रधान मंत्री ने आपके साहस की सराहना की हैं।

आप हमारे लिए एक प्रेरणा हैं।

धन्यवाद!

एन. एस. राजप्पन

नायर सर और उनके छात्र सफाई अभियान में हिस्सा ले रहे थे।

यह गली कितनी गंदी है। मुझे नहीं लगता कि हम इसे कभी साफ कर पाएंगे।

इसे साफ करने के लिए हमें एक विशालकाय मानव या एक जिन्न की आवश्यकता होगी।

कुछ भी असंभव नहीं है। मैं आपको एक ऐसे शख्स की कहानी सुनाता हूँ जिसके दोनों पैरों में लकवा होने के बावजूद उसने खुद एक पूरी झील की सफाई की।

यह असंभव लगता है। हमें और बताइये, सर।

६९ साल के राजप्पन पांच साल की उम्र में ही पोलियो की चपेट में आ गए थे। हर सुबह वह वेम्बनाड झील* जाते थे, जहाँ वह एक नाव किराए पर लेते थे।

हैलो राजप्पन। आप आज जल्दी आये हो । प्लास्टिक का शिकार करने का एक और दिन, एह?

हाँ, तुम तो जानते हो, प्लास्टिक की मछलियाँ काफी फिसलन भरी होती हैं। इसलिए मुझे जल्दी निकलना चाहिए।

*केरल में एक प्रसिद्ध झील, और पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय स्थल

जैसे ही राजप्पन ने नाव चलाना शुरू किया –
प्लास्टिक की मछलियाँ? क्या मैं भी उन्हें देख सकता हूँ, राजप्पन?
ज़रूर! अंदर कूद जाओ।


जल्द ही –
देखो, ये मेरी आज के दिन की पकड़ हैं! प्लास्टिक, ऊपर आओ। चलो, हम आपको यहां से निकालते हैं।
ओह, तो ये हैं प्लास्टिक की मछलियाँ?

कुछ घंटे बाद –
झील अब कितनी साफ़ दिखती है। आप बहुत बहादुरी से यह काम कर रहे हो, हालाँकि... हालाँकि...
...मेरे पैर मेरा साथ नहीं देते? नाव चलाना मेरे लिए आसान है। मैं प्लास्टिक को पानी से बाहर रखता हूं और इससे कमाई भी करता हूँ।

दोपहर में उन्होंने भोजन करने के लिए विराम लिया।
आप यह कितने समय से कर रहे हैं? क्या यह कठिन काम नहीं है?
पांच साल से अधिक हो गए हैं, लेकिन मुझे कोई शिकायत नहीं है। झील मेरा घर है, और इसे साफ देखकर संतोष मिलता है।
वह कितने निस्वार्थ है।

कई घंटों की सफाई के बाद, राजप्पन ने अपनी नाव किनारे लगा दी।

अब आप क्या करेंगे?

मैं प्लास्टिक को छाँटूँगा और सुनिश्चित करूँगा कि यह वापस पानी में न जाए। क्या तुम मेरे साथ शामिल होना चाहते हो?

जरुर।

थोड़े ही देर के बाद –

राजप्पन सर, क्या मैं कल और परसों प्लास्टिक इकट्ठा करने में आपके साथ शामिल हो सकता हूँ?

बिल्कुल बेटा। हम एक साथ मिलकर वास्तविक बदलाव ला सकते हैं।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में राजप्पन का उल्लेख किया और पानी को प्लास्टिक के प्रदूषण से बचाने के लिए उनके अथक प्रयासों की प्रशंसा की। कुछ ही समय के बाद –

राजप्पन, हमारे पास आपके लिए सरप्राइज है।

महोदय, हम आपके काम की सराहना करने के लिए यह नई मोटर बोट और व्हीलचेयर उपहार में देना चाहते हैं।

अपनी नई मोटरबोट के साथ, राजप्पन न केवल वेम्बनाड झील बल्कि आसपास के क्षेत्रों में जलमार्गों की भी सफाई कर रहे हैं।

सी. वी. राजु

देखो, मेरे पास क्या है। यह एक गुलेल है जो मेरे पिताजी के पास थी, जब वह छोटे थे!

मेरी प्लास्टिक गुलेल और भी बड़ी थी। लेकिन वह एक सप्ताह भी नहीं चली। हो सकता है कि लकड़ी के खिलौने प्लास्टिक से बेहतर हों।

मैं सहमत नहीं हूँ। मुझे लगता है कि प्लास्टिक के खिलौने बेहतर हैं।

नायर सर ने आवाज़ दी –

पारंपरिक लकड़ी के खिलौने अधिक समय तक चलते हैं, जो प्राकृतिक रंगों से बनते हैं क्योंकि रासायनिक रंगों के, हानिकारक हो सकते है।

हमारे कहानी के पिरियड में, मैं आपको सी.वी.राजू के बारे में बताऊंगा, जिन्होंने एटिकोप्पका खिलौने बनाने की पारंपरिक कला को पुनर्जीवित किया। यहां तक कि हमारे प्रधानमंत्री ने भी मन की बात में उनकी प्रशंसा की थी।

एटिकोप्पका गाँव* में एक घर हँसी की आवाज़ और घुमते हुए लट्टू की सीटी से गूंज उठा।

और तेज! और तेज!

वह लड़का था सी.वी. राजू और यह कोई साधारण लट्टू नहीं था। उसमें ५०० साल पुरानी विरासत थी।

एटिकोप्पका गांव अपने अनोखे लकड़ी के खिलौनों – एटिकोप्पका बोम्मालु के लिए प्रसिद्ध था । उन खिलौनों के कोने गोल थे जो बच्चों के लिए सुरक्षित थे और धूप में चमकने वाले चमकीले रंगों में रंगे हुए थे।

पूरे दक्षिण भारत के घरों में, वे बचपन के पर्याय थे।

*आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम जिले में स्थित है

लेकिन जब राजू कॉलेज के लिए रवाना हुआ और वापस लौटा, तो चीज़ें बदल चुकी थीं –

बच्चे प्लास्टिक के खिलौनों से क्यों खेल रहे हैं?

वे बनाने के लिए सस्ता हैं। कारीगर दूसरे रोजगार की तलाश में शहर जा रहे हैं।

एटिकोप्पका खिलौनों के बीच बड़े हुए राजू के भीतर के वह चमकीली आँखों वाले लड़के ने इसका विरोध किया। इसने उसे कुछ करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने 'पद्मावती एसोसिएट्स' नामक कारीगरों के लिए एक सहकारी समिति की स्थापना की।

यह प्राचीन कला हमारे गाँव का दिल है। क्या हम इसे मरने देंगे?

उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादित खिलौनों की कमजोर प्रतियों के साथ स्पर्धा करनी थी लेकिन राजू और उनके कारीगरों ने यह चुनौती का सामना किया।

अंकुडु की लकड़ी इतनी नरम होती है कि उसे आसानी से तोड़े बिना इच्छित आकार दिया जा सकता है।

आइए हम और अधिक अंकुडू लकड़ी प्राप्त करने के लिए वन विभाग के साथ काम करेंगे।

जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ता गया, राजू खिलौनों को देश भर के व्यापार मेलों और एक्सपो में ले गया।

मैं अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए एक बड़ा निर्यात ऑर्डर देना चाहता हूँ।

यह हमारी बड़ी सफलता हैं!

लेकिन उत्सव थोड़े समय के लिए ही रहा। शिपमेंट को जल्द ही वापस भेज दिया गया।

यह कहता है कि उन्हें रंगों में लीड के अंश मिले।

इन आधुनिक कृत्रिम रंगों के साथ यही समस्या है।

यह पारंपरिक तरीकों पर वापस जाने का समय है।

१९८८ में, राजू ने क्राफ्ट्स काउन्सिल ऑफ़ इंडिया से संपर्क किया। उनके साथ में उन्होंने जैविक अर्थात ऑर्गेनिक रंग बनाने पर काम किया।

इन्हें फूलों, फलों, पत्तियों और अन्य प्राकृतिक स्रोतों से बनाया जाता है। वे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

अधिक प्रयोग के बाद, रंगों को संरक्षित करने के लिए उन्हें एक चमकदार लाह के साथ मिलाया गया।

इस समय, जब खिलौने विदेश भेजे गए, तो उन्होंने सभी गुणवत्ता जांचों को पास किया और प्रशंसा भी प्राप्त की।

आखिरकार दुनिया एटिकोप्पका बोम्मालू की सुंदरता देख सकती हैं।

हमने यह कर दिखाया!

हुर्रे!

राजू का इस शिल्प का पुनरुत्थान करना इसके प्रतिभाशाली कारीगरों के लिए आजीविका का पुनरुत्थान भी था।

उन्होंने यह भी महसूस किया कि यह और भी बहुत कुछ करने का अवसर था।

हमारे खिलौने सिर्फ सजावटी नहीं होने चाहिए। बच्चों को उनसे कुछ सीखने को मिलना चाहिए।

अब विभिन्न प्रकार के एटिकोप्पका खिलौने उपलब्ध हैं जो बच्चों को संख्याओं, रंगों, प्राकृतिक दुनिया और बहुत चीजों के बारे में सिखाते हैं।

२००२ में, तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा राजू को नॅशनल ग्रासरूट्स इनोवेशन अवार्ड प्रदान किया गया।

उनके प्रयासों की वजह से एटिकोप्पका खिलौनों को २०१७ में जीआई टैग* भी मिला।

जब राजू को २०२३ में पद्म श्री^ के लिए चुना गया था, तब वह विनम्र थे –

यह हमारी कला के लिए एक बड़ा सम्मान है। हमारे पास एक व्याख्या केंद्र स्थापित करने की योजना है जो एटिकोप्पका बोम्मालू के इतिहास और प्रक्रिया के बारे में जानकारी देता है।

*एक भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग उन उत्पादों को दर्शाता है जिनमें गुण या प्रतिष्ठा होती है जो उनके निर्माण के स्थान से आती है।

^भारत में चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार

भागीरथी अम्मा

मेरे पास एक अच्छी खबर है। मैं जल्द ही वनस्पतिशास्त्र में अपनी परीक्षा पूरी करने वाला हूं। इसलिए जब हम अपनी प्रकृति की सैर पर जाएंगे, तब मैं आपको पौधों और पेड़ों के बारे में सिखा सकूँगा।
क्या आप अभी भी पढ़ रहे हैं सर? वह कैसे संभव है?
मुझे नहीं पता था कि शिक्षक भी पढ़ सकते हैं!

बेशक, वयस्क भी अध्ययन कर सकते हैं। हाल ही में मन की बात में, मैंने एक १०५ वर्षीय व्यक्ति के बारे में सुना, जिसने पढ़ाई की और परीक्षा दी।
यह सही है, शारदा। उनका नाम भागीरथी अम्मा है। शांत हो जाओ और मैं तुम्हें उनकी कहानी सुनाऊँगा।

भागीरथी केरल के प्राक्कुलम गाँव की एक छोटी लड़की थी, जिसे पढ़ना और लिखना अच्छा लगता था लेकिन जब वह आठ साल की हुई –
क्या तुम स्कूल नहीं आ रही हो, भागीरथी?
मैं पढ़ना चाहती हूँ।
नहीं। अब उसे घर और अपने भाई-बहनों की देखभाल करनी होगी।

भागीरथी फिर कभी स्कूल नहीं जा सकी। बाद में, उनकी शादी हो गई और उनके छह बच्चे थे। और फिर उनके पति का निधन हो गया।
मैं तुम्हारी पढ़ाई पर कोई असर नहीं पड़ने दूँगी।
अम्मा, हम खूब पढ़ेंगे और आपको गौरवान्वित करेंगे।

जैसे-जैसे उनके बच्चे बड़े हुए –
क्या मैं यह किताब पढ़ सकती हूँ? अगर मैं इसे नहीं समझती तो क्या आप मेरी मदद करेंगे?
बिल्कुल, अम्मा।
अम्मा, पहले इस किताब को पढ़ो। यह बहुत मनोरंजक है।

भागीरथी अम्मा की पढ़ने की इच्छा अधूरी रह गई । २०१९ में, जब वह १०५ साल की थीं –

अम्मम्मा* देखो, केरल राज्य साक्षरता मिशन उन वयस्कों के लिए एक कार्यक्रम की पेशकश कर रहा है जो अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर सके!

क्या मैं अभी भी अध्ययन कर सकती हूँ? यह मेरे लिए एक मौका हो सकता है!

अपनी उम्र के बावजूद, भागीरथी अम्मा ने पढ़ाई करने का फैसला किया।

मुझे बहुत कुछ पढ़ना है। मुझे अच्छा करना है।

मुझे यकीन है कि आप कर पाओगे, अम्मम्मा। इसके अलावा, यहाँ हम सब आपकी मदद के लिए हैं।

महीनों की कड़ी मेहनत के बाद, भागीरथी अम्मा ने गणित, मलयालम और पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा दी।

जल्द ही –

अम्मम्मा, आपने कर दिखाया! आपने २७५ में से २०५ अंक प्राप्त किए हैं!

देखो, मैंने तुमसे कहा था। मैं बूढ़ी हो सकती हूं, लेकिन सीखने का मेरा जुनून अभी भी जवान है।

२०१९ में, भागीरथी अम्मा को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो भारत में महिलाओं के लिए सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

मन की बात

यदि हम जीवन में कुछ हासिल करना चाहते हैं तो पहली शर्त यह है कि हमारे भीतर का विद्यार्थी कभी मरना नहीं चाहिए।

* मलयालम में 'दादी'

राजेन्द्र जाधव

नायर सर मुस्कुराए और सिर हिला दिया।

२०२२ में, महाराष्ट्र के सतना में, एक ६२ वर्षीय व्यक्ति निराशा के साथ समाचार देख रहा था।



वह थे राजेंद्र जाधव कृषि उपकरणों के निर्माण में वर्षों के अनुभव के साथ एक स्व-सिखाये इंजीनियर।



राजेंद्र इस समस्या को अपनी कार्यशाला में ले गए, जहां उन्होंने अपने बेटों मंगेश और धनंजय से बात की।



२०१७ में, राजेंद्र ने खेत में कीटनाशकों का छिड़काव करने के लिए एक फव्वारा अर्थात स्प्रिंकलर विकसित किया था। नई मशीन के लिए उसी तकनीक को अपनाया गया।

२५ दिनों के बाद, उनके श्रम का परिणाम था एक सैनिटाइज़र जो ६०० लीटर तक कीटाणुनाशक मिश्रित पानी का संग्रह कर सकता था।



जब यह यंत्र ट्रैक्टर पर चढ़ाया जाता है,तो यह सड़कों और परिसरों जैसे बड़े क्षेत्रों को आसानी से साफ कर सकता है।

'यशवंत' अपने नाम पर खरा उतरा...



...सरकार और जनता से समान रूप से मान्यता अर्जित की।



राजेंद्र ने पेटेंट के लिए आवेदन किया है और अपना डिज़ाइन नेशनल इनोवेशन फ़ाउंडेशन* को भेजा है।

*एनआईएफ एक ऐसा संगठन है जो प्रौद्योगिकी में जमीनी स्तर पर नवाचारों की खोज और समर्थन करता है।

गायत्री



*इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी

*गायत्री के पिता कासिलिंगम एक मैकेनिकल इंजीनियर थे।



गायत्री को आशा है कि अधिक से अधिक लोग विकलांग पालतू जानवरों को अपनाएंगे और उनके जीवन की गुणवत्ता सुधारने की कोशिश करेंगे।

मन की बात

खंड-२

मन की बात का दूसरा खंड प्रथम खंड की शक्ति का उत्सव मना रहा है।
इस रेडियो कार्यक्रम में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कई पुरुषों और महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला है जिन्होंने अपने जीवन के साथ चमत्कार किया है।
ये वास्तविक जीवन के नायकों की कहानियां हैं।
भागीरथी अम्मा को छोटी उम्र में अपने भाई-बहनों की देखभाल के लिए स्कूल को छोडना पड़ा। जब वह एक परदादी बनी, तब उन्होंने पढ़ाई की और १०५ साल की उम्र में चौथी कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की।
एन. एस. राजप्पन, हालांकि पांच साल की उम्र में पोलियो से पीड़ित हो गए थे, उन्होंने ६३ साल की उम्र में लापरवाह पर्यटकों द्वारा फेंकी गई प्लास्टिक की बोतलों और पैकेटों से वेम्बनाड झील को साफ करने का बीड़ा उठाया।
उषा दुबे ने कोविड लॉकडाउन के दौरान महसूस किया कि गरीब घरों के बच्चों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संभव नहीं हैं। इसलिए, वह अपने स्कूटर पर उनके पास कक्षा ले गई।
बदलाव लाने के लिए बहुत पैसे या पद की आवश्यकता नहीं होती है। और ये नायक इसे साबित करते हैं।



₹90
www.amarchitrakatha.com
ISBN 978-81-19242-66-5
9 788119 242665